उत्तर प्रदेश शासन,

भूतत्व एवं खनिकर्म अनुभाग,

संख्या- 24/2020/1973/86-2019-371/2005

लखनऊ दिनांक 28 अगस्त, 2019

कार्यालय ज्ञाप

प्रदेश में अवैध खनन एवं परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण हेतु जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 07 सदस्यीय (पुलिस अधीक्षक, प्रभागीय वन अधिकारी, उपजिलाधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी एवं खान अधिकारी) जनपदीय कार्यबल का गठन किया गया है। मा0 मुख्यमंत्री जी, जनप्रतिनिधियों एवं इलेक्ट्रानिक/प्रिन्ट मीडिया के माध्यम से प्रदेश में खनिजों के अवैध खनन व परिवहन के सम्बन्ध में प्राप्त शिकायतों पर प्रभावी नियंत्रण रखने हेतु निदेशालय स्तर पर प्रवर्तन दल का गठन आवश्यक है, जिससे निदेशालय स्तर से भी कार्यवाही कराकर अवैध खनन/परिवहन को नियंत्रित किया जा सके।

2. उक्त के दृष्टिगत प्रदेश में खनिजों के अवैध खनन/परिहवन पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग में निदेशालय स्तर पर निम्नवत् दो प्रर्वतन दलों का गठन किया जाता है :-

क्र0सं0	प्रवर्तन दल प्रथम	प्रवर्तन दल द्वितीय
1	श्री एस0के0 सिंह, ज्येष्ठ खान अधिकारी	श्री जी0पी0 सिंह, भूवैज्ञानिक
2	सम्बन्धित क्षेत्रीय अधिकारी,	सम्बन्धित क्षेत्रीय प्रभारी,
3	श्री लालता प्रसाद, भूभौतिकविद्	श्री हवलदार यादव, सहायक रसानज्ञ
4	श्री शंशाक शर्मा, सहायक भूवैज्ञानिक	श्री वीरेन्द्र प्रताप सिंह, खान निरीक्षक
5	निदेशक द्वारा नामित सर्वेयर	निदेशक द्वारा नामित सर्वेयर

3. उक्तानुसार गठित प्रवर्तन दल प्रवर्तन कार्य के दौरान अवैध खनन में संलिप्त व्यक्तियों, अवैध खनन की मात्रा, अवैध परिवहनकर्ताओं (बिना ई एम0एम0-11 अथवा ई एम0एम0-11 में अंकित मात्रा से अधिक मात्रा, ई एम0एम0-11 के दुरूपयोग) की जॉच कर नियमानुसार कार्यवाही करते हुए कृत कार्यवाही की गोपनीय आख्या शासन एवं निदेशालय को उपलब्ध करायी जायेगी। प्रवर्तन दल द्वारा जॉच हेतु terms of reference निदेशालय द्वारा तैयार कर निर्गत किया जायेगा।

वीना कुमारी

प्रमुख सचिव।

संख्याः1973(1)/86-2019, तद्दिनांकः-

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1. निदेशक, भूतत्व एवं खनिकर्म, उ0प्र0 लखनऊ को इस निदेश के साथ प्रेषित कि उक्त प्रर्वतन दलों द्वारा प्रेषित गोपनीय आख्या के आधार पर एक समेकित रिपोर्ट संस्तुति सहित कृपया प्रतिमाह शासन को उपलब्ध करायेंगे।
2. समस्त जिलाधिकारी।
3. प्रवर्तन दल के समस्त सदस्यगण (द्वारा निदेशालय, भूतत्व एवं खनिकर्म, उ0प्र0 लखनऊ)
4. गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(आत्मा राम)

विशेष सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in